

# शेर की गुफा




चित्रांकनः सुबीनीता देशप्रभु

Copyright © Language and Learning Foundation
All rights reserved.




सियार और सियारिन अपने बच्चों के साथ घूमने निकले। उन्हें एक गुफा दिखाई दी।




वे दोनों अपने बच्चों के साथ
गुफा में रहने लगे।




एक दिन उन्होंने एक शेर को गुफा की तरफ आते देखा। सियारिन ने उससे बचने का उपाय सोचा।



वह जोर–जोर से डरावनी आवाजें निकालने लगी। शेर डर गया।



शेर को डरा हुआ देखकर बंदर बोला– ‘‘डरो मत, वहाँ सियार और सियारिन हैं।



चलो, मैं तुम्हें गुफा में लेकर चलता हूँ।''



उन्हें आता देखकर, सियार बच्चों से बोला– ''रो मत! बंदर शिकार लेकर आता ही होगा।''



यह सुनते ही शेर डरकर भाग गया।

# शेर की गुफा

**सियार और सियारिन अपने बच्चों के साथ घूमने निकले। उन्हें एक गुफा दिखाई दी। वे दोनों अपने बच्चों के साथ गुफा में रहने लगे। एक दिन उन्होंने एक शेर को गुफा की तरफ आते देखा। सियारिन ने उससे बचने का उपाय सोचा। वह जोर-जोर से डरावनी आवाजें निकालने लगी। शेर डर गया। शेर को डरा हुआ देखकर बंदर बोला- ''डरो मत, वहाँ सियार और सियारिन हैं। चलो, मैं तुम्हें गुफा में लेकर चलता हूँ।'' उन्हें आता देखकर, सियार बच्चों से बोला- ''रो मत! बंदर शिकार लेकर आता ही होगा।'' यह सुनते ही शेर डरकर भाग गया।**

**मुख्य शब्द- गुफा, सियार, सियारिन, बच्चों, बंदर, शेर**

U5H2L4

**शिक्षकों के लिए सन्देश :** बिग बुक कहानी की एक बड़ी पुस्तक होती है, जिसके फॉन्ट और चित्र सामान्य पुस्तकों की तुलना में बड़े होते हैं। इसका उपयोग मुख्य रूप से शुरुआती कक्षाओं के बच्चों में पढ़ने के प्रति रुचि, प्रिंट चेतना और लिखित पाठ को सुनकर समझने की दक्षताओं को विकसित करने के लिए किया जाता है। शिक्षक बिग बुक के साथ अनेक प्रकार की रोचक गतिविधियाँ कर सकते हैं, जैसे- कहानी पढ़कर सुनाना, शीर्षक, चित्रों और कहानी से संबंधित अनुमान लगाना और समझ विकसित करना, साझा (साथ-साथ) पठन के अनुभव देना, लोगोग्राफिक पठन करना आदि। इसकी सहायता से बच्चों से विभिन्न प्रकार के प्रश्नों पर चर्चा की जा सकती है जैसे- वस्तुओं की गिनती, छोटे बड़े में अंतर, विभिन्न रंग, कहानी के घटनाक्रम से संबंधित बच्चों के अनुभव, चरित्रों का हाव-भाव एवं उनकी विशेषता, कहानी के शीर्षक एवं कहानी के बीच का संबंध इत्यादि।

बिग बुक पर व्यवस्थित रूप से किस प्रकार से कार्य किया जाना है, इसके बारे में आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका (सत्र 2022-2023) के अध्याय 'भाषा शिक्षण पर कार्य' एवं सप्ताह 1 से 8 के कालांश 3 की शिक्षण योजनाओं में विस्तार से चर्चा की गई है। आप इन शिक्षण योजनाओं को अवश्य पढ़ें जिससे सभी बच्चों में बुनियादी भाषा की दक्षताओं पर कार्य किया जा सके।



Designed by www.stelladesignandprint.com

उत्तर प्रदेश सरकार

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

मिशन प्रेरणा
उत्तर प्रदेश, प्रेरक प्रदेश

LLF
Language and Learning
foundation
*Strong* Foundation, *Stronger* Future